


सांध्य दैनिक
# 4PM




बेहतर होगा कि आप कोशिश करें और नाकामयाब हो जाएं और उससे कुछ सीखें बजाये इसके की आप कुछ करें ही नहीं।

-मार्क जुकरबर्ग


मूल्य ₹ 3/-

जिद...सच की

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_Sanjay YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 9 ● अंकः 114 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, बुधवार, 31 मई, 2023



सिसोदिया के आरोप पत्र पर अदालत... 8 | सपा चुनावी मंच तैयार करने में... 3 | फिर एकबार प्रदेश पुलिस की कमान... 7


# अमेरिका में राहुल का बयान भारत में घमासान

## सैन फ्रांसिस्को में मोदी सरकार को घेरा

## बोले-सरकार ने भारत जोड़ो यात्रा को रोकने की कोशिश की

» भाजपा का पलटवार- देश का कर रहे अपमान

» भगवान से भी ज्यादा जानते हैं पीएम : राहुल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

सैन फ्रांसिस्को। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विदेश यात्रा के दौरान दिये गए बयान के बाद एक बार फिर देश में घमासान मच गया है। जहां विदेश में राहुल ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला है वहीं बीजेपी ने उनपर देश को अपमानित करने का आरोप लगाया है। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय प्रवासियों की एक सभा को दिए संबोधित करते हुए केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने उनकी भारत जोड़ो यात्रा को रोकने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी थी। लेकिन कुछ भी काम नहीं आया और यात्रा का प्रभाव बढ़ गया।

राहुल गांधी अमेरिका के तीन शहरों की यात्रा के लिए मंगलवार को यहां पहुंचे। राहुल गांधी की टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के कुछ सप्ताह पहले आई है। राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रथम महिला जिल बाइडेन के निमंत्रण पर पीएम मोदी 22 जून को अमेरिका पहुंचेंगे। राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर संविधान पर हमला करने का आरोप लगाया और कहा कि वे देश को जाति और धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका के अपने छह दिवसीय दौरे के दौरान 52 वर्षीय राहुल



गांधी के भारतीय-अमेरिकियों से बात करने, वॉल स्ट्रीट के अधिकारियों से मिलने और विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ बातचीत करने की उम्मीद है, वह 4 जून को न्यूयॉर्क में जेविट्स सेंटर में एक सार्वजनिक सभा के साथ अपनी यात्रा समाप्त करने वाले हैं।

### भारत जोड़ो यात्रा आसान नहीं थी

राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा के अनुभव को लोगों के साथ शेयर करते हुए कहा, मैंने जब ये यात्रा शुरू थी तो 5-6 दिन बाद महसूस हुआ कि ये यात्रा आसान नहीं होगी, हजारों किलोमीटर की यात्रा को पैदल तय करना बेहद मुश्किल दिख रहा था, लेकिन मेरे पास कोई ऑप्शन नहीं था,उन्होंने बताया, मैं, कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक रोजाना 25 किलोमीटर की यात्रा तय कर रहे थ, तीन हफ्ते बाद मुझे लगा कि मैं अब थक नहीं रहा हूं, मैंने लोगों से भी पूछना छुरू किया कि क्या वो थकान महसूस कर रहे हैं? लेकिन किसी ने इसका जवाब हां में नहीं दिया, उस यात्रा में केवल कांग्रेस नहीं चल रही थी बल्कि पूरा भारत कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा था।

### महिलाओं की सुरक्षा बड़ा सवाल

वूमेन बिल के लिए हम कमिटेड हैं, हम पिछली सरकार में उसे लाना चाहते थे लेकिन कुछ हमारे सहयोगी पार्टियां उस पर तैयार नहीं थीं लेकिन मुझे विश्वास है कि हम अगली सरकार में लाने के लिए कमिटेड हैं।

### जातिगत जनगणना भेदभाव की सीमा को प्रकट करेगा

राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना के लिए अपनी पार्टी के आह्वान को दोहराया। उन्होंने कहा कि यह समाज के एक्स-रे की तरह होगा, जो जातिगत भेदभाव की सीमा को प्रकट करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि न्याय और मनरेगा जैसी योजनाएं गरीबों को आर्थिक न्याय दिलाने में मदद करेंगी।

उन्होंने कहा देश में कुछ ऐसे लोग हैं जिन्हें लगता है वो सब कुछ जानते हैं, भगवान से भी ज्यादा जानते हैं, वो भगवान के साथ बैठ सकते हैं और उन्हें भी समझा सकते हैं,मुझे लगता है हमारे देश के प्रधानमंत्री उनमें से एक हैं।

### विदेशों में जाकर भारतीयता को अपमानित किया : अनुराग



केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी के विदेश में दिये गए बयान पर कहा, राहुल गांधी जी की हर विदेश यात्रा भारत का अपमान करने में कहीं पीछे नहीं रहती है और इस बार की प्रायोजित, ये विदेश यात्रा भी उसी दिशा में है, जहां वह अपमान तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का करना चाहते हैं, लेकिन अंत में देश का अपमान करने से नहीं हटते हैं, आज राहुल गांधी विदेशों में जाकर भारत, भारतीयों और भारतीयता को अपमानित करते हैं, बदनाम करते हैं और कीचड़ उछालते हैं, ये देश को कभी स्वीकार नहीं होगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने दी ईडी को राहत

» छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले का मामला

» आरोपियों ने याचिका वापस ली

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

रायपुर। छत्तीसगढ़ में हुए 2000 करोड़ रुपए के शराब घोटाले के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की कार्रवाई को चुनौती देने वाली अर्जी पर कड़ी टिप्पणी की है। जिसके बाद आरोपियों ने याचिका वापस ले ली है। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि मनी लांड्रिंग एक्ट के प्रावधानों को सही ठहराया जा चुका है, फिर भी आरोपी गिरफ्तारी से राहत के लिए उन्हें चुनौती दे रहे हैं। यह न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है।



सुप्रीम कोर्ट की ईडी की कार्रवाई को चुनौती देने वाली याचिका पर टिप्पणी के बाद वरिष्ठ अधिवक्ता एएन सिंघवी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के कुछ प्रावधानों की वैधता को चुनौती देने वाली अख्तर ढेबर की याचिका वापस ले ली। इसी तरह छत्तीसगढ़ के आबकारी अधिकारी निरंजन दास की याचिका भी वापस ले ली गई। बता दें कि इससे पूर्व ईडी की कार्रवाईयों के खिलाफ लगी सभी 6 याचिकाएं हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थीं। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि आज की स्थिति में ऐसा कोई भी तथ्य नहीं है। जिसके आधार पर इन याचिकाओं को स्वीकार किया जाए। हालांकि, हाईकोर्ट ने अपने आदेश में यह जरूर कहा कि मानहानि की क्षतिपूर्ति के लिए याचिकाकर्ता चाहें तो सिविल कोर्ट में जा सकते हैं।

> मनी लांड्रिंग एक्ट के प्रावधानों को सही ठहराया जा चुका है, फिर भी आरोपी गिरफ्तारी से राहत के लिए उन्हें चुनौती दे रहे हैं। यह न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है।

# केरल और बिहार समेत तीन राज्यों में एनआईए की छापेमारी

» पीएफआई के 25 ठिकानों पर फुलवारी शरीफ मामले में कार्रवाई

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के फुलवारी शरीफ मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी कर्नाटक, केरल और बिहार में करीब 25 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने दक्षिण कन्नड़ जिले में प्रतिबंधित पीएफआई कार्यकर्ताओं से जुड़े 16 ठिकानों पर छापेमारी की।

साजिश से जुड़े संदिग्धों के परिसरों पर अभी भी छापे मारे जा रहे हैं, जो कि पीएफआई और उसके नेताओं और कैडरों की हिंसक और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने से संबंधित है, जो पटना के फुलवारीशरीफ इलाके में उस उद्देश्य के लिए इकट्ठे हुए थे।

### पहले भी 6 लोगों को किया था गिरफ्तार

इससे पहले, 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया था और तत्काल मामले में पीएफआई से संबंधित कई आपत्तिजनक लेख और दस्तावेज जब्त किए गए थे, जो कि पिछले साल 12 जुलाई को बिहार के पटना जिले के फुलवारीशरीफ पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था और पिछले साल 22 जुलाई को हृद्व द्वारा फिर से पंजीकृत किया गया था। इस साल 4-5 फरवरी को, एनईए ने बिहार के मोतिहारी में 8 स्थानों पर भी तलाशी ली और दो लोगों को गिरफ्तार किया, जिन्होंने हत्या को अंजाम देने के लिए हथियार और गोला-बारूद की व्यवस्था की थी। गिरफ्तार लोगों की पहचान तनवीर रजा उर्फ बरकती और मोहम्मद आबिद उर्फ आर्यन के रूप में हुई है।

# लोगों की रक्षा करने के बजाए पीट रही है पुलिस : अखिलेश

### » भाजपा सरकार में अन्याय और अत्याचार चरम पर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन गरीब और पीड़ित को अपमानित कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पुलिस प्रशासन निरंकुश हो गया है। पुलिस लोगों की रक्षा करने के बजाए उन्हें पीट रही है और प्रताड़ित कर रही है।

जारी बयान में सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में अब सीधा जनता पर वार हो रहा है। कहीं पर पुलिस पीड़ितों को पीट रहे हैं, तो कहीं पुलिस अनुशासनहीन होकर विपक्षी दलों पर अलोकतांत्रिक तरीके से कार्रवाई कर रही है। उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक डीजीपी के अकार्यवाहक दरोगा ने अपने आराम में खलल पड़ने पर फरियादी जनता पर ही अपनी बेल्ट से हिंसक प्रतिक्रिया दी। अच्छा हुआ दरोगा जी के पास बेल्ट है, थार या बुल्डोजर नहीं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार का व्यवहार पूरी तरह से तानाशाही है। अन्याय, अत्याचार चरम पर है। किसी को भी न्याय नहीं मिल रहा है। जनता में भाजपा सरकार के रवैए के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। प्रदेश की जनता 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार से इस तानाशाही व्यवहार का हिसाब जरूर लेगी।





### लोगों को सावधान रहना जरूरी : मायावती

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि दलितों और अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रति सपा की सोच नहीं बदली है। यूपी विधान परिषद की दो सीटों के लिए हुए उपचुनाव में हार निश्चित होने के बावजूद सपा ने दलित, ओबीसी उम्मीदवार खड़े किए। उन्हें हराना तथा ज्यादा संख्या बल होने पर इनकी अनदेखी करना यह साबित करता है कि इन वर्गों के प्रति सपा की सरकारी नीति थोड़ी भी नहीं बदली है। सपा की सरकारों के दौरान उनकी ऐसी ही संकीर्ण राजनीति से दलितों, पिछड़ों व अकलियत समाज के लोगों का काफी अहित होता रहा है। इसलिए आगे से नुकसान से बचने के लिए इन वर्गों के लोगों को हमेशा बहुत सावधान रहने की जरूरत है।

# सचिन के आरोपों पर अब सीएम का क्या है नजरिया : रामलाल

### » बीजेपी का गहलोत-पायलट सुलह पर सवाल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



जयपुर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्य प्रवक्ता और विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि बीती रात मीडिया के सामने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री वेणुगोपाल ने बताया कि राजस्थान के अंदर अशोक गहलोत और सचिन पायलट में जो विवाद था, उस बात का निपटारा हो गया है। अब वे मिलकर चुनाव लड़ने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि इसके बाद भी राजस्थान की जनता आज भी वो सवाल पूछना चाहती है कि जो सचिन पायलट ने अजमेर में किया था। उन्होंने पूछा कि राजस्थान के अंदर 50 प्रतिशत से ज्यादा भ्रष्टाचार है और सचिन पायलट ने कहा था कि आरपीएससी के अंदर भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कई मंत्रियों के भ्रष्टाचार में डूबे होने की बात कही। एक बार नहीं अनेकों बार पत्र लिखा कि राजस्थान के अंदर भ्रष्टाचार की गंगोत्री बारां से शुरू होकर पूरे राजस्थान के अंदर फैल रही है। क्या राजस्थान की जनता इन सवालों का जवाब लिए बिना ही कांग्रेस को छोड़ देगी? और क्या सचिन पायलट के अंदर इतनी हिम्मत है कि अब वो कहे कि राजस्थान के अंदर कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है, जो वह पहले कह रहे थे कि राजस्थान भ्रष्टाचार के आखण्ड में डूबा हुआ है।

# देश में आपातकाल जैसे हालात : महागठबंधन

### » 15 जून को प्रखंड स्तर पर होगा आंदोलन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय में महागठबंधन के सभी सातों दल की बैठक हुई। यह बैठक आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर आयोजित की गई थी। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने विपक्षी एकता को होने वाली महाबैठक पर चर्चा किया।

उन्होंने कहा कि आगामी 12 जून को पटना के ज्ञान भवन में देश के सभी विपक्षी पार्टी के नेता एक मंच पर होंगे। करीब 16 राज्यों के विपक्षी नेता भाग शामिल होंगे। वहीं राजद के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश में आपातकाल जैसे हालात हैं। माहौल बहुत खतरनाक स्थिति पर पहुंच गई है। इसलिए पूरा विपक्ष एकजुट हो चुका है। बैठक में यह फैसला लिया गया है कि पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक को-आर्डिनेशन कमेटी बनाई जाए। राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि 15 जून से महागठबंधन केंद्र सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेगा। भाकपा माले के कुणाल ने कहा कि हमलोग एक मंच पर मोदी सरकार का विरोध करेंगे। देश को बाबा के जरिए हिन्दू राष्ट्र बनाने की साजिश हो रही है। महागठबंधन अब एक साथ आकर केंद्र के खिलाफ आंदोलन करेगा।

# राष्ट्र विरोधी काम कर रहे पीएम: खरगे

### » सरकार के 9 साल पूरे होने पर बोले- देश की संपति को अपने मित्रों को बेच रहे

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार देश की संपत्ति अपने दोस्तों को बेच रहे हैं। खरगे ने कहा देश की संपति को अपने मित्रों को बेचना सबसे बड़ा राष्ट्र विरोधी अधिनियम है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार द्वारा अपने दोस्तों को देश की संपति और सार्वजनिक उपक्रमों की आगमन बिक्री सबसे बड़ा राष्ट्र-विरोधी अधिनियम है।

उन्होंने कहा कि सरकार लोगों से रोजगार छीन रही है। यह आरक्षण के रूप में भारत के गरीबों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से रोजगार के अवसर छीन रही है। इससे पहले, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सत्ता में नौ साल पूरे होने पर सरकार पर निशाना साधा था और महंगाई के जरिए लोगों की कमाई को लूटने का आरोप लगाया। खरगे ने हिंदी में एक ट्वीट में सरकार पर हमला करते हुए कहा था कि नौ साल में जानलेवा महंगाई से भाजपा ने लूटी जनता की कमाई! जीएसटी ने हर जरूरी चीज पर असर डाला, बजट बिगाड़ दिया, जीना दुश्वार कर दिया।



### अहंकारी को महंगाई दिखाई नहीं देती

खरगे ने कहा कि अहंकार का दावा महंगाई दिखाई नहीं देती या हम इतनी महंगी चीज खाते ही नहीं। अच्छे दिन से अमृत काल तक का सफर, महंगाई की मार से जनता की लूट बढ़ी है! प्रधानमंत्री मोदी के कार्यालय में नौवें वर्ष के दौरान, कांग्रेस ने उनसे बढ़ती कीमतों, बेरोजगारी और किसानों की आय जैसे मुद्दों पर नौ सवाल पूछे और उनके विश्वासघात के लिए माफी की मांग की। विपक्षी दल ने यह भी कहा था कि सरकार को अपनी वर्षगांठ के दिन को माफी दिवस के रूप में याद किया जाना चाहिए।

कर्नाटक प्रदेश के गृह मंत्री रहे मल्लिकार्जुन खरगे ने दिल्ली में कुश्ती पहलवानों पर हो रहे अत्यचार पर भी मोदी सरकार भूमिका पर सवाल उठाया।

# मंत्री भूपेंद्र सिंह ने किया भ्रष्टाचार : धनोपिया

### » कांग्रेस का आरोप- अनुपातहीन संपति बनाई, इस्तीफा मांगा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

भोपाल। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही कांग्रेस पार्टी ने सत्तारूढ़ दल के नेताओं और मंत्रियों पर सनसनीखेज आरोप लगाने शुरू कर दिए हैं। मंगलवार को कांग्रेस नेता जेपी धनोपिया और मप्र कांग्रेस सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत टंडन से प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह पर अनुपातहीन संपति अर्जित करने के आरोप लगाए हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से कांग्रेस मांग करती है कि भूपेंद्र सिंह के संपूर्ण मंत्रित्व कार्यकाल की उच्चस्तरीय कमेटी गठित कर जांच कराई जाए। जांच होने तक भूपेंद्र सिंह से मंत्री पद से इस्तीफा लिया जाए। जेपी धनोपिया और टंडन ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव वर्ष 2008, लोकसभा चुनाव वर्ष 2009, विधानसभा चुनाव वर्ष 2013 एवं विधानसभा चुनाव वर्ष 2018 के दौरान उनके द्वारा चुनाव आयोग के समक्ष प्रस्तुत शपथ पत्रों से बड़ी भिन्नता है। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि मंत्री भूपेंद्र सिंह की पत्नी सरोज सिंह के नाम अचल संपत्तियों में वर्ष 2008 में 1 करोड़ का दीपाली होटल सागर में, वर्ष 2009 में 1 करोड़ मूल्य का दीपाली होटल सागर, वर्ष 2013 में उक्त दीपाली होटल में 50 प्रतिशत भागीदारी एवं वर्ष 2018 में 33.27 करोड़ की संपत्ति दर्शाई है। इससे यह स्पष्ट है कि सरोज सिंह पत्नी भूपेंद्र सिंह की अचल संपत्ति में वर्ष 2008-09 से वर्ष 2018 के मध्य लगभग 33 गुना की वृद्धि हुई है।



### मेरी पैतृक संपत्ति, आरोप लगाना कांग्रेस का इलेक्शन इवेंट : भूपेंद्र सिंह

कांग्रेस के अनुपातहीन संपत्ति के आरोपों का नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने खंडन किया है। उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि मेरी पैतृक संपत्ति है। कांग्रेस के आरोप इलेक्शन इवेंट हैं। कांग्रेस के जिन नेताओं ने मुझ पर तथ्यहीन आरोप लगाए हैं, उनके खिलाफ मैं मानहानि का केस दायर करूंगा। मेरे परिवार ने कांग्रेस शासनकाल में भी करोड़ों की 25 एकड़ जमीन दान में दी है। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मेरी पैतृक संपत्ति को भी कांग्रेस नेताओं ने मेरी स्वअर्जित बताते हुए झूठे लांछन लगाए हैं। मेरे पिताजी के पास 12 गांव की मालगुजारी थी और हमारे परिवार के पास पीढ़ियों से करीब 1200 एकड़ जमीन थी। ये अधिकांश क्षेत्र सागर शहर से लगे हुए थे। शहरी क्षेत्र बढ़ने से इन जमीनों की कीमतें भी बढ़ गईं। अब इन जमीनों का आकलन बढ़ गया तो इसमें मैं या मेरा परिवार दोषी कहां से हो गया? कांग्रेस नेता जेपी धनोपिया एवं प्रदेश कांग्रेस के आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष पुनीत टंडन के आरोप का जवाब देते हुए मंत्री सिंह ने मीडिया से चर्चा में कहा कि सभी आरोप बेबुनियाद, भ्रामक और राजनीति से प्रेरित हैं।



# सपा चुनावी मंच तैयार करने में जुटी

## नैमिष से करेगी लोकसभा चुनाव के अभियान का आगाज

» आंबेडकर, डॉ. लोहिया के विचार की देगी जानकारी
» हवन-पूजन के साथ कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का होगा आगाज

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उत्तरप्रदेश के सबसे बड़े विपक्षी दन समाजवादी पार्टी ने तैयारी शुरू कर दी है। सप नैमिषारण्य में हवन पूजन के साथ सपा लोकसभा चुनाव अभियान का आगाज नौ जून से करेगी। यहां होने वाले दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को डॉ. आंबेडकर, डॉ. लोहिया के विचारों से वाकिफ कराया जाएगा। साथ ही नर्म हिंदुत्ववाद का संदेश देने की भी कोशिश होगी। शिविर में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

सपा लोकसभा चुनाव को लेकर फूंक-फूंककर कदम बढ़ा रही है। वह आरक्षण के मुद्दे पर मुखर है। संविधान बचाने की अपील कर रही है। भाजपा को संविधान विरोधी बताते हुए लोहियावादियों और आंबेडकरवादियों को एक मंच पर लाने में जुटी है। दलितों एवं अति पिछड़ों को जोड़ने पर जोर दे रही है। विधानसभा चुनाव में करीब 38 फीसदी मत हासिल करने वाली पार्टी अब 40 से 45 फीसदी मत का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है।




### भाजपा के अंत के लिए जा रहे नैमिषारण्य

कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक रामपाल यादव ने बताया पुराण के अनुसार यहां भगवान द्वारा निमिष मात्र में दानवों का संहार होने से यह 'नैमिषारण्य' कहलाया। यही वजह है कि अब भाजपा के अंत के लिए सपा यहां से चुनावी अभियान की शुरुआत करने जा रही है। शिविर शुरू होने से पहले 151 वेदी पर बैठे सपा अध्यक्ष सहित अन्य नेता वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन करेंगे। वह ललिता देवी मंदिर भी जाएंगे। देवी-देवताओं से जीत का आशीर्वाद लेंगे। रामपाल यादव ने बताया कि तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। तीन हजार बूथ कमेटी सदस्य सहित पांच हजार लोग कायक्रम में हिस्सा लेंगे। सभी वरिष्ठ नेताओं से दो दिन वहीं रहने की अपील की गई है। जानकार कहते हैं कि भाजपा अयोध्या के जरिए हिंदुत्व को धार देती रही है। सपा ने अयोध्या की काट के तौर पर नैमिषारण्य चुना है। यह हिंदुओं का तीर्थ स्थल है। रामायण में भी इसका जिक्र है। यहां भी 84 कोस परिक्र मा होती है।



ऐसे में सपा नैमिषारण्य से लोकसभा चुनाव की शुरुआत करके नर्म हिंदुत्ववाद का संदेश देने का प्रयास कर रही है हिंदुत्व के नाम पर उससे बिदकने वाले मतदाताओं को भी जोड़ने की कोशिश कर रही है। सपा भरोसा देगी कि उसे हर तीर्थ स्थल से लगाव है। एक तरह से इसे सपा के टर्निंग प्वाइंट के तौर पर भी देखा जा सकता है।

### कार्यकर्ताओं को मिलेगा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण शिविर में पार्टी की रणनीति से लेकर कार्यकार्ताओं को चुनाव जीतने का तरीका सिखाया जाएगा। मतदाता सूची सत्यापन, मतदाताओं को बूथ तक ले आने सहित बूथ प्रबंधन का मंत्र दिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन अखिलेश यादव करेंगे।

### तीन लोकसभा क्षेत्र पर असर

सियासी नजरिए से देखें तो सीतापुर जिला तीन लोकसभा क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। यहां की नौ विधानसभा सीटें में सिर्फ एक पर सपा का कब्जा है। अन्य भाजपा के पास हैं। यहां की पांच विधानसभा सीटें सीतापुर लोकसभा, हरगांव व महौली विधानसभा क्षेत्र धौरहरा लोकसभा क्षेत्र में हैं इसी तरह मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में यहां की मिश्रिख विधानसभा के अलावा हरदोई की मल्लावां, संडीला व बालामऊ एवं कानपुर की बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। ऐसे में हर बूथ कमेटी के कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में बुलाकर सीतापुर ही नहीं आसपास के जिलों को भी जोड़ने का प्रयास किया गया है।

# मप्र-राजस्थान पर कांग्रेस ने गड़ाई नजर

» विस चुनाव में भाजपा को पटखनी देने की योजना
» राहुल ने 150 सीटें जीतने किया दावा
» सीएम शिवराज बोले ख्याली पुलाव
» कमलनाथ ने राहुल की हां में हां मिलाया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश में 150 सीटें जीतने का दावाकर राहुल गांधी ने भाजपा की नींद उड़ा दी। गौरलब हो कि 29 मई को कांग्रेस अध्यक्ष व राहुल, प्रियंका गांधी ने मध्यप्रदेश, राजस्थान ,दिल्ली व अन्य राज्यों के चुनाव के मद्देनजर दिली में राज्य नेताओं के साथ बैठक की। कर्नाटक चुनाव में जीत के बाद उत्साह से लबरेज राहुल गांधी ने बैठक के बाद कहा कि कर्नाटक में हम 136 सीटे जीते हैं मध्य प्रदेश में 150 सीटें जीतेंगें। उनकी इस प्रतिक्रिया के बाद मप्र प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह ने ख्याली पुलाव बता कर खारिज कर दिया।

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने रणनीति पर चर्चा शुरू कर दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव को लेकर हुई बैठक पर पहली प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा है कि हमारी लंबी चर्चा चली, हमारा आंतरिक आंकलन है कि हमें कर्नाटक में 136 सीटें मिली, हमें मध्य प्रदेश में 150 सीटें मिलने वाली है। जो कर्नाटक में किया उसे दोहराएंगे, दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष व अन्य नेताओं के साथ बैठक के बाद मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्य पार्टी प्रमुख कमलनाथ ने कहा बेहद महत्वपूर्ण बैठक हुई, चुनाव में कैसी रणनीति बनाई जाए, मध्य प्रदेश का भविष्य कैसे सुरक्षित रखा जाए इस पर चर्चा हुई। जो राहुल गांधी (एमपी में कांग्रेस को 150 सीटें मिलने के बयान) ने कहा है हम सभी उनकी बात से सहमत है।



### हम मध्य प्रदेश भी जीतने जा रहे हैं- वेणुगोपाल

दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष व अन्य नेताओं के साथ बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि हम मध्य प्रदेश भी जीतने जा रहे हैं। आज हमारे पास अधिक से अधिक सीटों के साथ मध्य प्रदेश को जिताने का संयुक्त नारा है।



### केजरीवाल के समर्थन पर आलाकमान को अधिकार

वहीं कांग्रेस नेतृत्व ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के नेताओं से दिल्ली सरकार को लेकर केंद्र के अध्यादेश और गठबंधन को लेकर राय पूछी। सभी नेताओं ने गठबंधन का विरोध किया। अध्यादेश पर केजरीवाल को समर्थन के सवाल का अजय माकन ने पुरजोर विरोध किया। नेताओं ने केजरीवाल से मुलाकात का फैसला आलाकमान पर छोड़ा। केजरीवाल चाहते हैं कि कांग्रेस भी केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ वोट करे, इस मुद्दे पर केजरीवाल और कांग्रेस आलाकमान की मुलाकात पर तस्वीर साफ नहीं है, केजरीवाल से मुलाकात को लेकर फैसला आलाकमान पर छोड़ दिया गया है। उधर राजस्थान में सीएम अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच झगड़ा सुलझाने के लिए अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे खुद कूद पड़े हैं। खरगे दोनों नेताओं से दिल्ली में अपने घर पर अलग अलग मुलाकात की। मुलाकात के लिए अशोक गहलोत आज दो दिन के दौर पर दिल्ली आ पहुंचे । पार्टी नेताओं ने कहा कि आलाकमान राजस्थान में कर्नाटक की कहानी को दोहराने के लिए दो नेताओं को अपने मतभेदों को दूर करने के लिए योजनाओं पर गंभीरता से विचार किया। पार्टी सूत्रों ने कहा कि आलाकमान पायलट को शांत करने की गंभीरता से योजना बना रहा है, जिन्होंने राजस्थान लोक सेवा आयोग को भंग करने, पेपर लीक से प्रभावित होने वाले युवाओं को मुआवजा और जांच जैसी तीन मांगों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के कार्यकाल में कथित भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं। अल्टीमेटम 30 मई को समाप्त हो रहा है, और इसलिए शीर्ष राज्य नेतृत्व द्वारा इस मुद्दे को हल करने का प्रयास किया जा रहा है।

### मन को बहलाने को बाबा ख्याल अच्छा : शिवराज

» कांग्रेस की बैठक के बीच शिवराज सिंह चौहान का तंज

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी के कांग्रेस को 150 से ज्यादा सीटें मिलने वाले बयान पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि मन को बहलाने को बाबा ख्याल अच्छा है। भाजपा मध्य प्रदेश में 200 से ज्यादा सीटें जीतेगी। अब उनको ख्याली पुलाव पकाने हैं तो पकाते रहें।



## जिद... सच की



Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma

@Editor_Sanjay

# अंतरिक्ष में भारत ने गढ़ा एक और कीर्तिमान

> इंडियन रीजनल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम का परिचालन नाम एनएवी एलसी है। इसे भारतीय नक्षत्र के साथ नेविगेशन के लिए बनाया गया है। यह भारत और भारतीय मुख्य भूमि के आसपास लगभग 1500 किमी तक फैले क्षेत्र में सटीक रीयल-टाइम लोकेशन और समय सेवाएं प्रदान कर रहा है। वर्तमान में आईआरएनएसएस तारामंडल में सात उपग्रहों में से प्रत्येक का नाम नाविक रखा गया है।

*इसरो ने भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और कीर्तिमान स्थापित किया। इससे देश को कई लाभ मिलंगे। (इसरो) ने अंतरिक्ष में एनवीएस-1 नेविगेशन उपग्रह को सोमवार को लॉन्च कर दिया। यह भारतीय नौवहन सेवाओं की दूसरी पीढ़ी के उपग्रहों में से पहला है। उपग्रहों की एनवीएस श्रृंखला उन्नत सुविधाओं के साथ नाविक प्रणाली को बढ़ाएगी। सेवाओं का विस्तार करने के लिए इस श्रृंखला में अलग से एल1 बैंड सिग्नल शामिल हैं। एनवीएस-01 में पहली बार स्वदेशी परमाणु घड़ी लगाई गई है। जीएसएलवी-एफ 12 या एनवीएस-01 मिशन का प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा से किया गया। इस जियोसिक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी) मिशन को लगभग 2232 किलोग्राम वजन वाले एनवीएस-01 नेविगेशन सैटेलाइट को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में तैनात करने के लिए डिजाइन किया गया है।*

*यह तारामंडल में सबसे भारी 2,232 किलोग्राम का उपग्रह है। जीएसएलवी-एफ12/एनवीएस-ओ1 का लॉन्च के साथ ही मिशन पूरा हो गया। लगभग 19 मिनट की उड़ान के बाद, ,एनवीएस-ओ1 उपग्रह को सटीक रूप से भू-समकालिक अंतरण कक्षा में अंत:क्षेपित किया गया। इंडियन रीजनल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम का परिचालन नाम एनएवी एलसी है। इसे भारतीय नक्षत्र के साथ नेविगेशन के लिए बनाया गया है। यह भारत और भारतीय मुख्य भूमि के आसपास लगभग 1500 किमी तक फैले क्षेत्र में सटीक रीयल- टाइम लोकेशन और समय सेवाएं प्रदान कर रहा है। वर्तमान में आईआरएनएसएस तारामंडल में सात उपग्रहों में से प्रत्येक का नाम नाविक रखा गया है। इनका वजन बहुत कम लगभग 1,425 किलोग्राम है। ये सभी हल्के पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल इसरो के वर्कहॉर्स लॉन्च रॉकेट पर सवार होंगे। उपग्रह में रुबिडियम परमाणु घड़ी होगी, जो भारत द्वारा विकसित एक महत्वपूर्ण तकनीक है। इसरो के बयान के मुताबिक, स्पेस एप्लिकेशन सेंटर-अहमदाबाद द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित अंतरिक्ष-योग्य रूबिडियम परमाणु घड़ी एक महत्वपूर्ण तकनीक है, जो केवल कुछ देशों के पास है। दूसरी पीढ़ी के उपग्रह एल-5 और एस फ्रीक्वेंसी सिग्नल के अलावा एक तीसरी फ्रीक्वेंसी , एलवी सिग्नल भेजेंगे। यह सिग्नल चेतावनी योग्य उपकरणों में बेहतर उपयोग के लिए सहायक होंगे। एक उपग्रह-आधारित पोजिशनिंग सिस्टम परमाणु घड़ियों का उपयोग करके ही किसी सिग्नल को भेजने और वापस आने में लगने वाले समय को सटीक रूप से मापकर वस्तुओं का स्थान निर्धारित करता है। घड़ियों की विफलता का अर्थ है कि उपग्रह अब सटीक लोकेशन देने के लायक नहीं हैं।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# गतिशील भारत के सपनों का साकार होना

श्री श्री रवि शंकर

दुनिया की सबसे प्राचीन मानव सभ्यता और सबसे पुराने, सबसे बड़े एवं सबसे जीवंत भारतीय लोकतंत्र का सपना था 'सर्वे भवंतु सुखिन:' अर्थात इस धरती पर सब सुखी हों, सब समृद्ध हों। पिछले 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। निर्णायक प्रशासनिक कौशल, अपार जन-समर्थन और आधुनिक तकनीक के साथ एक संकल्पवान प्रधानमंत्री ने इसे संभव कर दिखाया है। इससे युवाओं, महिलाओं, किसानों, शोषितों, वंचितों और सबसे गरीब लोगों में आशा जगी है और विश्वास बना है कि केंद्र में उनकी सरकार है जो उनके जीवन उत्थान के लिए अहर्निश काम कर रही है। अतीत में एक प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया है कि अंतिम लाभार्थी तक सरकार द्वारा उनके लिए आवंटित राशि का लगभग 14-15 प्रतिशत हिस्सा ही उन्हें मिल पाता है।

वर्तमान प्रधानमंत्री ने लास्ट माइल डिलीवरी सुनिश्चित की है। लगभग 48 करोड़ लोगों के बैंक एकाउंट खोले गए ताकि लाभार्थियों को उनका हक बिना किसी लीकेज के सीधे उनके बैंक एकाउंट में मिले। हालांकि बेरोजगारी दुनिया भर में एक बड़ा मुद्दा है लेकिन इससे बेहतर तरीके से निपटने के लिए मोदी सरकार ने प्रभावी कदम उठाये हैं। न केवल शहरों बल्कि देश के दूरदराज इलाकों में कौशल केंद्र स्थापित किए गए हैं। केंद्र सरकार ने श्रमिकों के गरिमापूर्ण जीवन के लिए श्रम योगी मानधन योजना बनाई है। कई अवसरों पर प्रधानमंत्री ने स्वयं श्रमवीरों को सम्मानित किया है। भारत की श्रमशक्ति ने देश के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है। देश में बीते 9 वर्षों में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। अतीत में यूरोप की यात्रा के दौरान मैं कई लोगों की टिप्पणियां सुनता था कि यूरोप जैसा बुनियादी ढांचा और यात्रा में आसानी भारत में कभी नहीं हो सकती लेकिन इतने कम समय में वे गलत साबित हुए हैं। बीते सालों में विनाशकारी कोविड महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध, बढ़ती जलवायु संबंधी चिंताएं, सप्लाई चेन में अवरोध, दुनिया भर में लगातार बढ़ती मुद्रास्फीति, दुनिया के कई हिस्सों में ध्रुवीकरण, देशों के बीच घटते विश्वास एवं सहयोग तथा मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे विश्व स्तर पर पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित कर रहे हैं।

इस आलोक में जहां एशिया में कई सरकारें विफल सिद्ध हो रही हैं, भारत बीते 9 साल में अपने साहसिक निर्णयों के बल पर तेज गति से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है। ये सच है कि भारत में दुनिया की आबादी का छठा हिस्सा रहता है लेकिन भारत की आवाज कभी भी उस तरह से नहीं सुनी गई जैसे अब सुनी जा रही है। आज भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है। कुल मिलाकर, अंतर्राष्ट्रीय जगत में भारत अपना सही स्थान पा रहा है। इसका श्रेय वर्तमान सरकार एवं उसकी सही नीतियों को जाता है। रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान किसी का पक्ष नहीं लेने की कुशल नीति और दुनिया को तर्कपूर्ण जवाब तथा अन्य वैश्विक मुद्दों पर सार्थक पहल ने भारत को एक मजबूत वैश्विक शक्ति, एक परिपक्व मध्यस्थ और दुनिया के पेसमेकर के रूप में स्थापित किया है। जहां दुनिया की बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थाएं धराशायी हो रही हैं, वहां भारतीय अर्थव्यवस्था ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। मोदी सरकार ने कोविड महामारी के दौरान गरीब कल्याण अन्न योजना जैसा क्रांतिकारी कदम उठाया यह सुनिश्चित करने के लिए ताकि देश में कोई भूखा न सोने पाए। यह एक लोक-कल्याणकारी सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। भारत में घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद होने के बावजूद देश के तीर्थस्थलों का विकास आजादी के 70 सालों में भी न हो पाया था। तीर्थस्थलों के बुनियादी ढांचे जर्जर थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी तीर्थस्थलों और आस्था के केंद्रों के जीर्णोद्धार एवं वहां विकास का बीड़ा उठाया। पिछले कुछ वर्षों में काशी, उज्जैन, सोमनाथ, अंबाजी, ऋषिकेश, केदारनाथ, बदरीनाथ जैसे बड़े तीर्थस्थलों का जो स्वरूप बदला है, उसने श्रद्धालुओं के मन में आशा, विश्वास एवं आकांक्षाओं की नई



बुनियाद रखी है। हालांकि सभी राजनीतिक नेताओं और पार्टियों की धार्मिक अनुष्ठानों और प्रथाओं में आस्था है, लेकिन वे इसके बारे में कभी खुले नहीं थे। ये प्रधानमंत्री मोदी ही हैं जिन्होंने इसे स्वीकार करने में कभी हिचक नहीं दिखाई और अपने कर्तव्यों का अक्षरश: पालन करने के साथ-साथ इसके गौरव को भी फिर से स्थापित किया।

उन्होंने विश्व के अन्य नेताओं को भारतवर्ष की इन अमूल्य विरासतों से परिचित कराया। किसी भी समाज की प्रगति लोगों के विश्वास और आत्म-सम्मान पर निर्भर करती है। अपनी जड़ों और अपनी संस्कृति का सम्मान करने से समाज में आत्म-सम्मान पैदा होता है। कला और संस्कृति को नरेन्द्र मोदी सरकार ने बहुत महत्व और प्रोत्साहन दिया है। कई नए संग्रहालय खोले गए हैं और कला के सभी रूपों को जगह मिली है।

# जलवायु परिवर्तन के कारण उभर रहे हैं समुद्री तूफान

पंकज चतुर्वेदी



यमन में लाल सागर के तट पर बसे कॉफी के व्यापार के लिए मशहूर 'मोचा' शहर के नाम पर मई के मध्य में बंगाल की खाड़ी में कहर बन कर आए मोचा चक्रवात ने भले ही भारत में कोई बहुत बड़ा नुकसान नहीं किया हो- लेकिन भारत की तटीय आबादियों पर अब दिसंबर तक ऐसे ही कई खतरे मंडरा रहे हैं। यह एक महज प्राकृतिक आपदा नहीं है। तेजी से बदल रहे दुनिया के प्राकृतिक मिजाज ने इस तरह के तूफानों की संख्या में इजाफा किया है। जैसे-जैसे समुद्र के जल का तापमान बढ़ेगा, उतने ही अधिक तूफान हमें झेलने होंगे। यह चेतावनी है कि इंसान ने प्रकृति के साथ छेड़छाड़ को नियंत्रित नहीं किया तो साइक्लोन या बवंडर के चलते सागर किनारे वाले शहरों में आम लोगों का जीना दूभर हो जाएगा।

जलवायु परिवर्तन पर 2019 में जारी इंटर गवनमेंट समूह (आईपीसीसी) की विशेष रिपोर्ट ओशन एंड क्रायोस्फीयर इन ए चेंजिंग क्लाइमेट के अनुसार सारी दुनिया के महासागर 1970 से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से उत्पन्न 90 फीसदी अतिरिक्त गर्मी को अवशोषित कर चुके हैं। जिससे महासागर गर्म हो रहे हैं। इसी से चक्रवात का जल्दी-जल्दी आने वाला और खतरनाक चेहरा सामने आ रहा है। मोचा तूफान के पहले बंगाल खाड़ी में जलवायु परिवर्तन के चलते समुद्र जल सामान्य से अधिक गर्म हो गया था। उस समय समुद्र की सतह का तापमान औसत से लगभग 0.51 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म था , कुछ क्षेत्रों में यह सामान्य से लगभग 1.2 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया था। जान लें कि समुद्र का 0.1 डिग्री तापमान बढ़ने का अर्थ है चक्रवात को अतिरिक्त ऊर्जा मिलना। हवा की विशाल मात्रा के तेजी से गोल-गोल घूमने पर उत्पन्न तूफान उष्णकटिबंधीय चक्रीय बवंडर कहलाता है। पृथ्वी भौगोलिक रूप से दो गोलार्धों में विभाजित है। ठंडे या बर्फ वाले उत्तरी गोलार्द्ध में उत्पन्न इस तरह के तूफानों को हरिकेन या टाइफून कहते हैं । इनमें हवा का घूर्णन घड़ी की सुइयों के विपरीत दिशा में एक वृत्ताकार रूप में होता है। जब बहुत तेज हवाओं वाले उग्र आंधी-तूफान अपने साथ मूसलाधार वर्षा लाते हैं तो उन्हें हेरकेन कहते हैं। जबकि भारत के हिस्से दक्षिणी अर्द्धगोलार्ध में इन्हें चक्रवात या साइक्लोन कहा जाता है। इस तरफ हवा का घुमाव घड़ी की सुइयों की दिशा में वृत्ताकार होता है। किसी भी उष्णकटिबंधीय अंधड़ को चक्रवाती तूफान की श्रेणी में तब गिना जाने लगता है जब उसकी गति कम से कम 74 मील प्रति घंटे हो जाती है। ये बवंडर कई परमाणु बमों के बराबर ऊर्जा पैदा करने की क्षमता वाले होते हैं। धरती के अपने अक्ष पर घूमने से सीधा जुड़ा है चक्रवाती तूफानों का उठना। भूमध्य रेखा के नजदीकी जिन समुद्रों में पानी का तापमान 26 डिग्री सेल्सियस या अधिक होता है, वहां ऐसे चक्रवात उभरने की संभावना होती है। तेज धूप में जब समुद्र के ऊपर की हवा गर्म होती है तो वह तेजी से ऊपर की ओर उठती है। बहुत तेज गति से हवा के उठने से नीचे कम दवाब का क्षेत्र विकसित हो जाता है। कम दवाब के क्षेत्र के कारण वहां एक शून्य या खालीपन पैदा हो जाता है। इस खालीपन को भरने के लिए आसपास की ठंडी हवा तेजी से झपटती है । चूंकि पृथ्वी भी अपनी धुरी पर एक लट्टू की तरह गोल घूम रही है सो हवा का रुख पहले तो अंदर की ओर ही मुड़ जाता है और फिर हवा तेजी से खुद घूर्णन करती हुई तेजी से ऊपर की ओर उठने लगती है। इस तरह हवा की गति तेज होने पर नीचे से ऊपर बहुत तेज गति में हवा भी घूमती हुई एक बड़ा घेरा बना लेती है। यह घेरा कई बार दो हजार किलोमीटर के दायरे तक विस्तार पा जाता है। सनद रहे भूमध्य रेखा पर पृथ्वी की घूर्णन गति लगभग 1038 मील प्रति घंटा है जबकि ध्रूवों पर यह शून्य रहती है। भीषण बरसात के कारण बन गए दलदली क्षेत्र, तेज आंधी से उजड़ गए प्राकृतिक वन और हरियाली, जानवरों का नैसर्गिक पर्यावास समूची प्रकृति के संतुलन को उजाड़ देता है। जिन वनों या पेड़ों को संपूर्ण स्वरूप पाने में दशकों लगे वे पलक झपकते नेस्तनाबूद हो जाते हैं। तेज हवा के कारण तटीय क्षेत्रों में मीठे पानी मे खारे पानी और खेती वाली जमीन पर मिट्टी व दलदल बनने से हुए क्षति को पूरा करना मुश्किल होता है।

भारतीय उपमहाद्वीप में हर बार पहले से घातक तूफान आने का असल कारण इंसान द्वारा किये जा रहे प्रकृति के अंधाधुंध शोषण से उपजी पर्यावरणीय त्रासदी 'जलवायु परिवर्तन' भी है। अमेरिका की अंतरिक्ष शोध संस्था नेशनल एयरोनाटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन - नासा की चेतावनी है कि जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रकोप से चक्रवाती तूफान और खूंखार होते जाएंगे। जलवायु परिवर्तन के कारण उष्णकटिबंधीय महासागरों का तापमान बढ़ने से सदी के अंत में बारिश के साथ भयंकर बारिश और तूफान आने की दर बढ़ सकती है। अमेरिका में नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) के नेतृत्व में यह अध्ययन किया गया। इसमें औसत समुद्री सतह के तापमान और गंभीर तूफानों की शुरुआत के बीच संबंधों को निर्धारित करने के लिए उष्णकटिबंधीय महासागरों के ऊपर अंतरिक्ष एजेंसी के वायुमंडलीय इन्फ्रारेड साउंडर (एआईआरएस) उपकरणों द्वारा 15 सालों तक एकत्र आकंड़ों के आकलन से यह बात सामने आई। 'जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स'(फरवरी 2019), में प्रकाशित अध्ययन में बताया गया है कि समुद्र की सतह के तापमान में वृद्धि के कारण हर एक डिग्री सेल्सियस पर 21 प्रतिशत अधिक तूफान आते हैं। भारी बारिश के साथ तूफान आमतौर पर साल के सबसे गर्म मौसम में ही आते हैं। लेकिन जिस तरह से ठंड के दिनों में भारत में ऐसे तूफानों के हमले बढ़ते जा रहे हैं यह हमारे लिए गंभीर चेतावनी है।

# गर्मियों में बनाएं मैंगो पेड़ा



गर्मियों का मौसम आते ही आम आने शुरू हो जाते हैं। बाजार में गुजरते वक्त आम की खूशबू लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर ही लेती है। आम एक ऐसा फल है, जिसे हर कोई खाना पसंद करता है। गर्मियों में ये शरीर को काफी फायदा भी पहुंचाता है। अगर आपको और आपके घरवालों को आम खाना पसंद है, पर आप इसे अलग तरीके से खाना चाहते हैं जिसे खाकर आपके घरवाले आपकी तारीफ करते थकेंगे नहीं। इसको बनाकर आप फ्रिज में स्टोर करके रख सकते हैं।



## विधि

आम का पेड़ा बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में घी लेकर उसे गर्म करें। अब इसमें कंडेंस मिल्क और मिल्क पाउडर मिक्स डालें और इन्हें गाढ़ा होने तक पकाएं। इसको पकाते वक्त गैस कम होनी चाहिए, वरना ये जल जाएगा। अच्छे से पकने के बाद इसे एक प्लेट में निकाल लें। अब दूसरे पैन में घी गर्म करके मैंगो प्यूरी, केसर और इलायची पाउडर डालें और इसे अच्छे से पकाएं। जब ये पक जाए तो इसमें पहले पकाया हुआ कंडेंस मिल्क और मिल्क पाउडर मिक्स कर दें। अब इसे लगातार चलाते रहें। जब ये गाढ़ा हो जाए तो इसे एक प्लेट में निकाल लें। ठंडा होने के बाद इसके पेड़े बनाएं। पेड़ों को सजाने के लिए पिस्ता, केसर के धागे और मेवे या चांदी का पन्ना भी इस्तेमाल करें। जब पेड़े बन जाएं तो इसे फ्रिज में सेट होने के लिए रख दें। जब आप इसे अपने घरवालों को परोसेंगे तो हर कोई खाकर इसकी तारीफ करेगा।

## सामग्री

मैंगो प्यूरी (3 से 4 कप), मिल्क पाउडर (3 से 4 कप), बादाम (10 से 12),घी (3 चम्मच), चीनी (1/4 कप), इलायची पाउडर (1 बड़ी चुटकी), पिस्ता (सजाने के लिए), मेवे या चांदी का पन्ना (गार्निशिंग के लिए), फूड कलर (एक चुटकी), केसर (1 बड़ी चुटकी), कंडेंस्ड मिल्क (3 से 4 कप)।

# हल्की भूख को मिटाएगी चटपटी भेलपुरी

गर्मियों के मौसम में हर कोई हल्का खाना ही पसंद करता है। यही वजह है कि लोग खाने में काफी हल्की डाइट ही लेते हैं। जिस कारण से थोड़ी-थोड़ी देर में भूख लग जाती है। खासकर बात करें बच्चों की तो उन्हें तो हर थोड़ी देर पर कुछ खाने को चाहिए ही। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसी डिश के बारे में बताएंगे, जो झटपट तैयार भी हो जाती है और इसे बच्चे से लेकर बड़े तक हर कोई पसंद भी करता है। भेलपुरी हमारे देश का एक फेमस स्ट्रीट फूड है।



## जरूरी सामान

मुरमुरे (परमल)-4 कप, प्याज बारीक कटी- 1/2 कप, टमाटर बारीक कटे - 1/2 कप (वैकल्पिक), आलू उबला-1, हरी चटनी- 1/2 कप, खजूर-इमली चटनी- 3/4 कप, हरी मिर्च कटी- 1 टी स्पून, चाट मसाला-1 डेढ़ टी स्पून, नींबू रस-2 टी स्पून, लहसुन चटनी-2 टेबललस्पून, हरा धनिया- 1/4 कप, कच्चे आम के टुकड़े- 1 टेबलस्पून, क्रश की पापड़ी- 1/2 कप, सेव- 1 कप, तली मसाला चना दाल- 1 टेबलस्पून, नमक- स्वादानुसार।

## विधि

भेलपूरी बनाने के लिए सबसे पहले प्याज, टमाटर, हरी मिर्च और हरी धनिया पत्ती को बारीक-बारीक काट कर रख लें। इसके बाद उबले हुए आलू को भी टुकड़ों में काट लें। अब एक बड़े कटोरे में मुरमुरा लें। इसके बाद कटोरे में कटी प्याज, आलू, टमाटर, हरी मिर्च डालें। इसके बाद अब इसमें लहसुन की चटनी, हरी चटनी और खजूर-इमली की चटनी डालकर इसे अच्छे से मिलाएं। इसमें चाट मसाला, नींबू का रस और स्वाद के अनुसार नमक डालें। सभी चीजों को अच्छे से मिलाने के बाद ऊपर से पापड़ी, तली मसाला चना दाल, कच्चे आम के टुकड़े, सेव, हरा धनिया डाल कर इसे परोसें। इसे खाने के बाद आपके बच्चों के साथ-साथ अन्य घर वालों की भूख भी मिट जाएगी।

## हंसना मना है

पत्नी -तुम मुझे कितना प्यार करते हो? पति -72 प्रतिशत मेरी जान...पत्नी - 100 प्रतिशत क्यों नहीं करते हो? पति - पगली... लग्जरी चीजों पर 28 फीसदी जीएसटी भी तो लगता है ना...पति की इस बात को सुनकर पत्नी गुस्से से लाल हो गई और घर छोड़कर जाने की धमकी दे दी।

एक बस में एक लड़का साथ खड़ी लड़की पर जानबूझकर गिरने लगा तो लड़की गुस्से से बोली-क्या करते हो? लड़का- जी सरकारी नौकरी! लड़की-लड़कियां छेड़ना सरकारी नौकरी है? लड़का- नहीं, यह तो मैं ओवर टाइम कर रहा हूं!

टीचर - नेताजी आपका बेटा फेल हो गया और आप सबको लड्डू खिला रहे हैं... नेताजी - 70 लड़कों की क्लास में 60 फेल हैं, बहुमत तो मेरे बेटे के साथ है...!

## कहानी: बिना अकल के नकल

एक देश में सूखे की वजह से अकाल पड़ गया। सभी लोगों की फसलें सूखकर बर्बाद हो गई। लोग खाने-पीने के लिए तरसने लगे। ऐसी मुश्किल घड़ी में बेचारे कौवों और अन्य पशु-पक्षियों को भी रोटी या खाने के टुकड़े नहीं मिल रहे थे। कौवे भोजन की खोज में जंगल ढूंढने लगें। जंगल पहुंचने पर एक कौवा-कौवी की जोड़ी एक पेड़ पर रूके और वहीं पर अपना बसेरा बना लिया। उसी पेड़ के नीचे एक तालाब था। उस तालाब में पानी में रहने वाला एक कौवा रहता था। वह दिन भर पानी में रहता और ढेर सारी मछलियां पकड़कर अपना पेट भरता रहता था। पेड़ पर बैठा कौवा ने सोचा कि अगर वह पानी वाले कौवे से दोस्ती कर ले, तो उसे भी खिाने के लिए मछलियां मिलेंगी। वह तलाब के किनारे गया और पानी वाले कौवे से मीठे स्वर में बात करने लगा। उसने कहा-मित्र सुनो, तुम बहुत ही स्वस्थ हो। पलक झपकते ही मछलियां पकड़ लेते हो। क्या मुझे भी अपना यह गुण सिखा दोगे? यह सुनकर पानी वाले कौवे न कहा-मित्र, तुम यह सीखकर क्या ही करोगे, जब भी तुम्हें भूख लगे, तो मुझे बता दिया करो। मैं तुम्हें पानी में से मछलियां पकड़कर दे दूंगा और तुम खा लिया करना। उस दिन के बाद से जब भी कौवे को भूख लगती, वह पानी वाले कौवे के पास जाता और उससे ढेर सारी मछलियां लेकर खाता। एक दिन उस कौवे ने सोचा कि मछलियां पकड़ने का काम वह खुद भी कर सकता है। और जब वह तालाब के पानी में जाने लगा, तो पानी वाले कौवे ने उससे फिर कहा- मित्र, तुम ऐसा मत करो। तुम्हें पानी में मछली पकड़ना नहीं आता है, इस वजह से पानी में जाना तुम्हारे लिए जोखिम भरा हो सकता है। पेड़ पर रहने वाले कौवे ने घमंड में कहा-तुम ऐसा अपने अभिमान की वजह से बोल रहे हो। मैं भी तुम्हारे जैसा पानी में जाकर मछलियां पकड़ सकता हूं। इतना कहकर उस कौवे ने तालाब के पानी में छपाक से छलांग लगा दी। अब तालाब के पानी में काई जमी हुई थी, जिसमें वह फंस गया। उसने काई में अपनी चोंच मारकर उसमें छेंद करना चाहा। इसके लिए जैसे ही उसने अपनी चोंच काई में धंसाई उसकी चोंच भी काई में फंस गई। काफी प्रयास करने के बाद भी वह उस काई से बाहर न निकल सका और कुछ देर बाद पानी में दम घुटने की वजह से उसकी मृत्यु हो गई। बाद में कौवी भी तालाब के पास आई। और पानी वाले कौवे से अपने कौवे के बारे में पूछा। पानी वाले कौवे ने सारी बात बताते हुए कहा -मेरी नकल करने के चक्कर में, उस कौवे ने अपने ही हाथों से अपने प्राण धो लिए।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष** रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। निवेश लाभदायक रहेगा।

**वृषभ** व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। विवाद से बचें। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार ठीक चलेगा।

**मिथुन** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क** आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह** तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें।

**कन्या** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा।

**तुला** शत्रुओं का पराभव होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**वृश्चिक** संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं।

**धनु** मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है।

**मकर** लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं।

**कुम्भ** मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

**मीन** पुराने संगी-साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें।

बॉलीवुड | मन की बात

# द केरल स्टोरी को बैन मत करो दिक्कत है तो कोर्ट जाओ: सुधीर



पिछले दिनों कमल हासन ने सुदीप्तो सेन की फिल्म द केरल स्टोरी को प्रोपेगेंडा फिल्म का नाम दे दिया था। जहां सुदीप्तो सेन ने कमल हासन को हाल ही जवाब दिया था, वहीं अब फिल्ममेकर सुधीर मिश्रा ने रिएक्ट किया है। सुधीर मिश्रा ने द केरल स्टोरी की आलोचना और इसे बैन करने वालों को जवाब दिया है। सुधीर मिश्रा का कहना है कि फिल्म को बैन मत करो, बल्कि आपत्ति है तो कोर्ट जाओ। मालूम हो कि कमल हसन ने हाल ही द केरल स्टोरी पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि वह इस तरह की प्रोपेगेंडा फिल्मों के खिलाफ हैं। किसी फिल्म के नीचे ट्रू स्टोरी जैसी एक लाइन लिख देने से वह सच नहीं हो जाती है। द केरल स्टोरी 5 मई को सिनेमाघरो में रिलीज हुई थी, और तभी से इस पर विवाद हो रहा है। पश्चिम बंगाल के साथ-साथ जहां कुछ राज्यों में द केरल स्टोरी को बैन कर दिया गया था, वहीं कुछ राज्यों ने इसे टैक्स फ्री कर दिया था। सुधीर मिश्रा हाल ही कोलकाता में फिल्म अफवाह की स्पेशल स्क्रीनिंग पर मौजूद थे। इस दौरान द केरल स्टोरी पर बंगाल में लगे बैन पर वह बोले, मैंने कभी किसी फिल्म पर बैन लगाने के इस कल्चर का सपोर्ट नहीं किया। अगर आपको फिल्म पसंद नहीं है तो रचनात्मक आलोचना करिए। कोई ठोस वजह लेकर आइए। लेकिन आप फिल्म को बैन नहीं कर सकते। सुधीर मिश्रा ने कहा, अगर आपको किसी फिल्म पर कोई आपत्ति है तो कोर्ट जाएं। लेकिन एक फिल्ममेकर को चुप नहीं कराया जा सकता। हम सीनियर चुप रहेंगे तो युवा पीढ़ी का क्या होगा? उनमें गंभीर मुद्दों पर फिल्म बनाने की हिम्मत भी नहीं होगी। द केरल स्टोरी में अदा शर्मा, योगिता बिहानी, सोनिया बालानी, देवदर्शनी और सिद्धि इदनानी जैसी एक्ट्रेसेस नजर आईं। फिल्म में उन महिलाओं की कहानी दिखाई गई जो धर्मांतरण के बाद मुस्लिम बन जाती हैं और फिर आतंकी संगठन आईएसआईएस का हिस्सा बन जाती हैं।

# सोनू सूद ने फिर दिखाई दरियादिली

## अनाथ बच्चों के लिए स्कूल खोलने में करेंगे मदद



हाल ही में वह कटिहार (बिहार) के एक इंजीनियर से मिले, जिन्होंने अपनी नौकरी छोड़कर अनाथ बच्चों के लिए एक स्कूल शुरू किया है। शख्स ने अभिनेता के नाम पर ही इस स्कूल का नाम रखा है। इंजीनियर के इस कदम से सोनू काफी ज्यादा प्रभावित हैं और उन्होंने इस स्कूल के लिए एक नया भवन और वंचित बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान करने में मदद देने का फैसला किया है। बता दें कि इस साल फरवरी में सोनू को 27 वर्षीय इंजीनियर बीरेंद्र कुमार महतो के बारे में पढ़कर आश्चर्य हुआ कि उन्होंने अनाथ बच्चों की खातिर एक स्कूल खोलने के लिए अपनी फुल टाइम नौकरी छोड़ दी और उन्होंने इसका नाम अभिनेता के नाम पर रखा। 110 बच्चों को मुफ्त शिक्षा और भोजन प्रदान करने के महतो के प्रयास से प्रेरित होकर अभिनेता ने अब महतो का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। इसके लिए उन्होंने इंजीनियर से मुलाकात कर स्कूल के राशन से लेकर शिक्षा की गुणवत्ता, अमीर और गरीब के बीच शिक्षा की खाई को पाटने के लिए जागरूकता पैदा करने और स्कूल की अन्य जरूरतों को समझने की कोशिश की। दिन के अंत तक, सोनू ने स्कूल के लिए नए भवन पर काम शुरू कर दिया ताकि इससे ज्यादा से ज्यादा वंचित बच्चों को घर मिल सके। साथ ही अभिनेता ने यह भी सुनिश्चित किया कि बच्चों को तय समय पर खाना मुहैया कराया जा सके। इस बारे में बात करते हुए सोनू ने कहा, शिक्षा तक पहुंच बढ़ाना गरीबी का मुकाबला करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है। हमारा उद्देश्य समाज के हाशिए के वर्गों के बच्चों को शिक्षित करना है ताकि उनके पास नौकरी के बेहतर अवसर हो। उन्होंने कहा, उच्च शिक्षा एक ऐसी चीज है जिस पर हम काम कर रहे हैं। अन्य महत्वपूर्ण पहलू पोषण और समग्र कल्याण है, क्योंकि यह स्कूल एक रैन बसेरा भी है। गौरतलब है कि अभिनेता वर्तमान में देश भर में करीब दस हजार छात्रों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

# पुलिस महान सिनेमाई कैरेक्टर बनाती है : रणदीप

बॉलीवुड | मसाला



रणदीप हुड्डा इस समय अपने प्रोफेशनल करियर को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। जहां एक तरफ अभिनेता की फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर की चर्चा चारों तरफ हो रही है, वहीं इसके साथ ही रणदीप एक और प्रोजेक्ट के लिए सुर्खियां बटोर रहे हैं। यह एक सीरीज है, जिसका नाम इंस्पेक्टर अविनाश है। इस सीरीज में अभिनेता एक बार फिर पर्दे पर पुलिस की वर्दी पहने धमाल मचाएंगे। अभिनेता ने हाल ही में पुलिस के किरदारों के बारे में बात करते हुए कहा कि वर्दी में लोग हमेशा महान सिनेमाई कैरेक्टर्स बनाते हैं। उत्तर प्रदेश के पुलिस अधिकारी अविनाश मिश्रा के जीवन पर आधारित यह क्राइम थ्रिलर सीरीज रणदीप हुड्डा के किरदार के इर्द-गिर्द ही घूमती है, जो राज्य में अपराधों को रोकने के मिशन पर है। जियो सिनेमा की इस आगामी सीरीज में रणदीप हुड्डा इंस्पेक्टर अविनाश का किरदार निभाते नजर आएंगे। रणदीप हुड्डा का कहना है कि इंस्पेक्टर अविनाश ओटीटी की पुलिस की दुनिया के लिए एक नया एडिशन होने वाला है। वह बोले, पुलिस हमेशा अपने काम के तरीके और उन परिस्थितियों के कारण महान सिनेमाई किरदार बनाती है, जिनमें वे काम करते हैं। इंस्पेक्टर अविनाश एक बहुत ही अलग शो है। उसका अपना रस है। मैं इस किरदार को निभाने का अवसर पाकर बहुत आभारी हूं। अविनाश मिश्रा वास्तविक जीवन में बहुत बड़े हैं, लेकिन शांत और विनम्र हैं। उनके पास चीजों को कहने का एक शानदार तरीका है। वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई, जन्नत 2, किक, बागी 2 और जॉन डे जैसी फिल्मों में पहले पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा चुके रणदीप हुड्डा ने कहा कि स्क्रीन पर पुलिस का किरदार निभाना अब ज्यादा वास्तविक हो गया है। अभिनेता बोले, हम बहुत से शोज में उनके निजी जीवन में गए हैं, जो उन्हें ज्यादा मानवीय बनाता है। यह सिर्फ वर्दी नहीं है, यह उस वर्दी में रहने वाला एक व्यक्ति है और वह व्यक्ति अपनी निजी यात्रा और काम पर जा रहा है। पुलिस के मानवीकरण ने वास्तव में बेहतर समझ पैदा की है कि वे भी उसी संस्कृति और देश से आते हैं। मैंने हमेशा अपने द्वारा निभाए गए सभी पुलिस किरदारों को मानवीय बनाने की कोशिश की है और यह शो मेरे हाथ में एक शॉट था।

**फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर में निभाएंगे अहम भूमिका**

अजब-गजब | मोटे होने के लिए खून पीते हैं यहां के लोग

# सबसे तगड़ा शख्स माना जाता है हीरो



दुनिया में हर शख्स पतला होना चाहता है। इसके लिए वह तमाम तरह के जतन करता है, लेकिन धरती पर एक जगह ऐसी भी है जहां मोटा होना ताकत की निशानी माना जाता है। यहां सेहतमंद होने के लिए लोग दूध में खून मिलाकर पीते हैं। और सबसे मोटे-तगड़े शख्स को हीरो का दर्जा दिया जाता है। वही शासन करता है। हम बात कर रहे हैं इथियोपिया की बोदी जनजाति के बारे में। इनकी जीवनशैली और परंपराएं ऐसी हैं कि जानकर आप दंग रह जाएंगे। ओमो वैली में रहने वाली बोदी जनजाति की कहानी किसी रोमांचकारी फिल्म से कम नहीं। इन्हें मूल रूप से इथियोपिया का निवासी माना जाता है।दुनिया और समाज से बिल्कुल कटे रहने के बावजूद यह लोग अपनी परंपराओं से बिल्कुल भी समझौता नहीं करते। इनके यहां एक खास तरह की प्रतियोगिता होती है, जिसे कैल करते हैं। इसी के जरिए सबसे मोटे व्यक्ति का चयन किया जाता है और अंत में वही नायक चुना जाता है। उसी पर समाज को सही दिशा निर्देश देने की जिम्मेदारी होती है। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रतियोगिता में सिर्फ अविवाहित पुरुष ही हिस्सा ले पाते हैं। उन्हें 6 महीने तक एक अलग कमरे में रखा जाता है। खूब खाने-पीने का सामान दिया जाता है ताकि वे मोटे हो सकें। ये लोग 6 महीने तक दूध में गाय का खून मिलाकर पीते हैं। क्योंकि इनका मानना है कि इससे वे जल्दी मोटे हो जाएंगे। इस दौरान फिजिकल रिलेशन बनाने की अनुमति नहीं है।पूरे छह महीने तक हर पुरुष को यही खाना दिया जाता है। गाएं बोडी जनजाति में पवित्र मानी जाती हैं, इसलिए ये लोग उन्हें मारते नहीं हैं। बल्कि भाले या कुल्हाड़ी से एक नस में छेद करके खून लिया जाता है और उसके बाद घाव को मिट्टी से बंद कर दिया जाता है। आप जानकर हैरान होंगे कि चिलचिलाती गर्मी की वजह से हर पुरुष करीब 2 लीटर दूध और खून पी जाता है। पहला कटोरा सूर्योदय के समय दिया जाता है। खून पीने के बाद कोई उल्टी नहीं कर सकता। प्रतियोगिता के दिन सभी पुरुष अपने शरीर को मिट्टी और राख से ढंक लेते हैं ताकि कोई उनकी सेहत पर नजर न लगाए। वहां पहुंचकर सबसे पहले इन्हें एक पवित्र पेड़ के चारों ओर चक्कर लगाना होता है। अन्य पुरुष उनकी निगरानी करते हैं और महिलाएं शराब पिलाती और पसीना पोंछती हैं। चयन के बाद एक बलि दी जाती है। प्रतियोगिता की वजह से बोदी जनजाति के पुरुष इतने मोटे हो जाते हैं कि उनका चलना-फिरना मुश्किल हो जाता है। वे कहीं भी बैठ नहीं पाते। लेकिन एक बार प्रतियोगिता खत्म होने के बाद इनका जीवन फिर सामान्य हो जाता है।

# मंदिर में गणेश जी को अर्जी लगाने के लिए चिट्ठी भेजते हैं भक्त, पूरी होती है मनोकामना



दुनियाभर में लाखों करोड़ों मंदिर मौजूद है। इनमें से कुछ मंदिरों को रहस्यमयी तो कुछ को सबसे अलग माना जाता है। आज हम आपको एक ऐसे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं जो भारत का सबसे अलग मंदिर है। क्योंकि इस मंदिर में दर्शन करने के बाद भी भक्त अपनी अर्जी नहीं लगाते बल्कि वे चिट्ठी लिखकर भगवान से प्रार्थना करते हैं। दरअसल, हम बात कर रहे हैं राजस्थान के सवाई माधौपुर जिले में स्थित रणथंभौर के किले में मौजूद त्रिनेत्र गणेश मंदिर के बारे में। जिसमें चिट्ठी लिखकर भी भक्त अपनी हाजिरी या अर्जी लगाते हैं। डाकिया भी इन चिट्ठियों को पूरी श्रद्धा और सम्मान से मंदिर में पहुंचा देता है। इसके बाद मंदिर के पुजारी गणेश जी के सामने चिट्ठी पढ़कर उनके चरणों में रख देते हैं।मान्यता है कि इस मंदिर में भगवान गणेश जी को निमंत्रण भेजने से सारे काम अच्छी तरह से पूरे हो जाते हैं। साथ ही भक्तों की मनोकामना भी पूरी हो जाती है। बता दें कि राजस्थान के सवाई माधौपुर से लगभग 10 किलोमीटर दूर रणथंभौर के किले में बना गणेश मंदिर भगवान को चिट्ठी भेजे जाने के लिए जाना जाता है। यहां के लोग घर में कोई भी मंगल कार्य करते हैं तो रणथंभौर वाले गणेश जी के नाम कार्ड भेजना नहीं भूलते। इस मंदिर का निर्माण 10वीं सदी में रणथंभौर के राजा हमीर ने करवाया था। ऐसा कहा जाता है कि युद्ध के दौरान राजा के सपने में भगवान गणेश को देखा और उन्हें आशीर्वाद दिया। जिसके बाद युद्ध में राजा की विजय हुई। तब उन्होंने अपने किले में मंदिर का निर्माण कराया। इस मंदिर में स्थापित भगवान गणेश की मूर्ति बाकी मंदिरों से कुछ अलग है। क्योंकि मूर्ति में मौजूद भगवान गणेश की तीन आंखें हैं। गणेश जी अपनी पत्नी रिद्धि-सिद्धि और अपने पुत्र शुभ लाभ के साथ विराजमान हैं। गणेश जी का वाहन चूहा भी साथ मैं हैं। यहां गणेश चतुर्थी बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है। यहां पर विशेष पूजा अर्चना की जाती है। इस मंदिर में स्थापित भगवान गणेश की मूर्ति बाकी मंदिरों से कुछ अलग है। क्योंकि मूर्ति में मौजूद भगवान गणेश की तीन आंखें हैं। गणेश जी अपनी पत्नी रिद्धि-सिद्धि और अपने पुत्र शुभ लाभ के साथ विराजमान हैं।

# फिर एकबार प्रदेश पुलिस की कमान संभालेंगे कार्यवाहक डीजीपी

» आईपीएस विजय कुमार बने मुखिया, आर के विश्वकर्मा सेवानिवृत, मुख्यमंत्री योगी का आदेश

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। एक बार फिर प्रदेश के पुलिस विभाग के मुखिया को पूर्णकालिक पद के लिए इंतजार करना पड़ेगा। 30 मई निर्वतमान डीजीपी आर के विश्वकर्मा सेवानिवृत हो गए। उनकी जगह 1988 बैच के आईपीएस विजय कुमार यूपी के नए कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त किए गए हैं। वह डीजी विजिलेंस, डीजी सीबीसीआईडी के साथ कार्यवाहक डीजीपी का अतिरिक्त कार्यभार संभालेंगे।

इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश जारी कर दिए हैं। कार्यवाहक डीजीपी आरके विश्वकर्मा 30 मई को सेवानिवृत्त हो गए। उनके पहले डीएस चौहान को भी कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया था। चर्चा थी कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत डीजी सीबीआईडी विजय कुमार को कार्यवाहक डीजीपी बनाया जा सकता है। प्रदेश के नये पुलिस मुखिया के पद के लिए डीजी कोआपरेटिव सेल आनंद कुमार और विजय कुमार में से किसी एक को चुना जाना था। आज मुख्यमंत्री योगी ने आईपीएस विजय कुमार के नाम पर मुहर लगा दी। इसके पहले बीते सोमवार को शासन स्तर पर मंथन के बावजूद पुलिस विभाग के नये मुखिया के चयन का प्रस्ताव संघ लोक सेवा आयोग नहीं भेजा जा सका।



## एक साल से पूर्णकालिक डीजीपी का इंतजार

प्रदेश को बीते एक साल से कार्यवाहक डीजीपी के सहारे ही काम चलाना पड़ रहा है। 11 मई 2022 को पूर्णकालिक डीजीपी मुकुल गोयल को अचानक हटा दिया गया था। इसके बाद डीजी इंटेलीजेंस डीएस चौहान को कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया। 31 मार्च 2023 को डीएस चौहान के सेवानिवृत होने के बाद डीजी पुलिस भर्ती बोर्ड आरके विश्वकर्मा को कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया।

# मौसम का पारा चढ़ेगा, धूल भरी हवाएं चलने की चेतावनी



4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। जून की शुरुआती हफ्ते में प्रदेश में मौसम का मिलाजुला रूप फिर से देखने को मिलेगा। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक धीरे-धीरे पारा सामान्य से अधिक होने लगा है। आने वाले दिनों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में तो मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन एक जून तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश का मौसम ऐसा ही रह सकता है। मौसम विभाग ने गरज-चमक के साथ धूल भरी हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है।

पारे का चढ़ना और चटख धूप के बीच कई इलाकों में मंगलवार को धूल भरी आंधी ने दस्तक दी। पश्चिमी विक्षोभ का असर बना रहने से लखनऊ समेत प्रदेश के कई इलाकों में दोपहर बाद तेज आंधी चली। कन्नौज में आंधी की रफ्तार 66 किमी. प्रति घंटा रही, जबकि झांसी में 55 किमी की रफ्तार दर्ज हुई। इन सबके बीच प्रयागराज का अधिकतम पारा 42.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वाराणसी, झांसी, उरई, बरेली समेत कई इलाकों में दिन का अधिकतम तापमान 40 पार दर्ज हुआ।

# फडणवीस महाराष्ट्र के सबसे दुखी इंसान : संजय राउत



» उनकी हालत ऐसी जैसे कमिश्नर को हवलदार बना दिया हो

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता ही रहता है। कभी सत्ता विपक्ष पर हमला करती है तो कभी विपक्ष सत्ता पर हमला करती है। मंगलवार को शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधा है।

राउत ने फडणवीस को असंतुष्ट नेता बताया हैं। बता दें, डिप्टी सीएम ने हाल में ही राउत को असंतुष्ट बताया था। जिसका पलटवार करते हुए राउत ने फडणवीस पर निशाना साधा है।

## सीनियर को जूनियर के नीचे कर दिया

संजय राउत ने कहा कि एक बार देवेंद्र फडणवीस से पूछिए कि आखिर वह कितने संतुष्ट हैं। वे राज्य के एक दुखी व्यक्ति हैं। वह महाराष्ट्र के सीएम बनने जा रहे थे। सब उनको बधाइयां दे रहे थे। लेकिन उन्हें अचानक शपथ लेने से रोक दिया गया और उन्हें अचानक डिप्टी सीएम बना दिया गया। एक बार पूछिए उनसे क्या वह संतुष्ट हैं। राउत ने इंटरव्यू में आगे कहा कि राजनीति में उनके जूनियर एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बना दिया गया और सीनियर को जूनियर के नीचे कर दिया गया। उन्हें डिप्टी सीएम का पद दे दिया गया। क्या इस तरह से कोई व्यक्ति संतुष्ट हो सकता है भला। फडणवीस के लिए तो यह वही बात हो गई कि उन्हें कमिश्नर से सीधा हवलदार बना दिया गया हो।

# एमपी दुग्ध संघ और सांची को बर्बाद करने की बड़ी साजिश : गोविंद सिंह

» नेता प्रतिपक्ष बोले-अमूल को राज्य में खुला मैदान देने की तैयारी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

ग्वालियर। मध्यप्रदेश के चुनावों से पहले राजनीतिक पार्टियों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। अब इसमें गुजरात के अमूल दूध की एंट्री हो गई है। नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह का कहना है कि मध्य प्रदेश के किसानों, दुग्ध उत्पादकों, एमपी दुग्ध संघ और सांची को बर्बाद करने की बड़ी साजिश के तहत काम किया जा रहा है जिससे गुजरात के अमूल को खुला मैदान मिल जाए।

गौरतलब है कि साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। इस बार कांग्रेस जबरदस्त तरीके से आक्रामक नजर आ रही है। कोई भी मुद्दा वो छोड़ना नहीं चाहती। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अमूल को लेकर बड़ा मुद्दा बनाया था कि सरकार अमूल के जरिये अन्य दुग्ध संघ और किसानों को बर्बाद करने की तैयारी में है। अब लगता है कि वह एमपी में भी इसको लेकर मुद्दा बनाने की तैयारी में है। मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह ने इस पर बयान भी जारी कर दिया है। उनका कहना है कि मध्य प्रदेश के किसानों, दुग्ध उत्पादकों और और एमपी दुग्ध संघ और सांची को बर्बाद करने की बड़ी साजिश के तहत काम किया जा रहा है, जिससे गुजरात के अमूल को खुला मैदान मिल जाए। सांची की दुग्ध उत्पादक सोसायटियों को बंद किया जा रहा है। किसानों को पैसे नहीं मिल रहे। विपणन के लिए नीतिगत निर्णय नहीं हो रहे। एमपी के पशुपालकों और सांची से जुड़े नौजवानों को रोजगार से अलग करने की बड़ी साजिश के पीछे गुजरात का दबाव है ताकि सांची को खत्म कर अमूल को स्थापित किया जा सके।

## सरकार धर्म के नाम पर भ्रष्टाचार की सरगना

गोविंद सिंह ने कहा केंद्र में मोदी सरकार और मध्यप्रदेश में शिवराज सरकार धर्म के नाम पर भ्रष्टाचार की सरगना है। इनके पाप का घड़ा भर चुका है। महाकाल लोक में जो मूर्तियां लगी है वह नकली है। इसमें भी सबसे बड़ा घोटाला किया गया है। उन्होंने कहा कि मैं सनातन धर्म के प्रेमियों को अपील करता हूं कि इस सरकार के मुखिया शिवराज और मोदी को सजा देना जरूरी है। राजनीतिक रूप से चलाने वाला है उनको देश को भगाए। उन्होंने कहा है कि शिवराज सरकार धर्म के नाम पर इस प्रदेश को लूटने का काम कर रही है पहले भी नर्मदा परिक्रमा में पेड़ लगाए उसमें भी करोड़ों का घोटाला सामने आया था।



# विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में सात्विक-चिराग का कमाल

» बनी दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

भारत के स्टार युगल खिलाड़ी सात्विक साईराज रैंकिरेड्डी और चिराग शेट्टी विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक और पिछले साल फ्रेंच ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट जीतने वाली इस भारतीय जोड़ी ने इस सत्र में स्विस ओपन सुपर 300 खिताब जीता है। उनके खाते में 12 टूर्नामेंटों 74, 651 अंक हैं। पिछले हफ्ते मलयेशिया मास्टर्स जीतने वाले एच एस प्रणय ने एक स्थान के सुधार के साथ दुनिया में आठवीं रैंकिंग हासिल कर ली है।

इसके अलावा किदांबी श्रीकांत ने तीन स्थानों के सुधार के साथ शीर्ष 20 में वापसी कर ली है। लक्ष्य सेन एक स्थान की गिरावट के साथ 23वें स्थान पर आ गए हैं। महिला एकल में पीवी सिंधु 13वें स्थान पर कायम है जबकि त्रीशा जौली और गायत्री गोपीचंद महिला युगल में 15वें स्थान पर कायम हैं।



## थाईलैंड ओपन : समीर, किरन और अश्मिता मुख्य ड्रॉ में पहुंचे

नई दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों समीर वर्मा, किरन जॉर्ज और अश्मिता चालिहा ने क्वालिफाइंग दौर में अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश कर लिया है। हाल ही में स्लोवेनिया ओपन जीतने वाले दुनिया के पूर्व नंबर 11 खिलाड़ी समीर ने मलयेशिया के यिहो सेंग जोई को 21-12, 21-17 से हराया। इससे पहले दो राउंड में उन्हें इंडोनेशिया के क्रिस्टियन अदिनाता और स्पेन के लुईस एनरिक के खिलाफ वाकओवर मिला था। वर्ष 2018 में तीन खिताब जीतने वाले 28 साल के समीर का मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में डेनमार्क के मैग्नस जोहाने से सामना होगा। पिछले साल ओडिशा ओपन जीतने वाले किरन ने हमवतन कार्तिकेय गुलशन कुमार 21-14, 21-18 से हराया और उसके बाद कोरिया के जियोन हियोक को 21-10, 21-14 से पराजित किया। अब उनका सामना चीनी शी युकी से होगा। महिला एकल में अश्मिता चालिहा ने उन्नति हुड्डा को 21-16, 13-21, 21-19 से हराया। उसके बाद एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा को 21-19, 21-11 से मात दी। असम की अश्मिता मुख्य ड्रॉ में भारत की ही मालविका बनसोड से भिड़ेंगी।




## लखनऊ में दर्दनाक हादसा: बेकाबू स्कॉर्पियो ने स्कूटी में मारी टक्कर

# बच्चों व दंपती समेत चार की मौत

» योगी ने सड़क हादसे में व्यक्त किया गहरा दुख

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। लखनऊ के विकास नगर मामा चौराहे के पास मंगलवार देर रात तेज रफ्तार बेकाबू स्कॉर्पियो ने स्कूटी में टक्कर मार दी। स्कूटी समेत दंपति व उसके दोनों बेटे स्कॉर्पियो में फंसकर करीब सौ मीटर तक घिसटते रहे। आखिर में चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। हादसे में चारों की मौत हो गई। लहरपुर सीतापुर निवासी राम सिंह(35) अपनी पत्नी ज्ञाना देवी (32) और दोनों बेटों के साथ स्कूटी से रात करीब दो बजे मामा चौराहे के पास से गुजर रहे थे।

इसी दौरान टेढ़ी पुलिया की तरफ से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने स्कूटी में टक्कर मार दी। भागने की कोशिश की तो स्कूटी समेत पूरा परिवार उसमें फंसकर घिसटता रहा। आखिर में चालक फरार हो गया।



विकासनगर इंस्पेक्टर ने बताया कि सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने चारों को ट्रामा पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। नंबर के आधार पर पता चला कि किसी राजेंद्र कुमार पाल के नाम पर स्कॉर्पियो रजिस्टर है। संदिग्धता के आधार पर एक को हिरासत में लिया गया है। ड्रिंक एंड ड्राइव का मामला शुरुआती जांच में सामने आ रहा है। साक्ष्य जुटने के बाद कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दु:ख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

### कार में लगी आग, चार लोग जिंदा जले

**बेकाबू कार पेड़ से टकराई**

हरदा। मध्यप्रदेश के हरदा जिले में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में चार लोग जिंदा जल गए। टिमरनी थाना क्षेत्र में नौसर गांव के पास तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई, जिसके बाद उसमें आग लग गई। कार में बैठे लोगों को बाहर निकलने का भी मौका नहीं मिला। मृतकों में एक महिला भी शामिल है। हरदा जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह भीषण हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। एक बेकाबू कार के पेड़ से टकराने के बाद उसमें आग लग गई। कार में बैठे चारों लोग जिंदा जल गए। घटना नौसर गांव के नजदीक बुधवार सुबह करीब सात बजे हुई। मृतकों में पति-पत्नी समेत एक ही परिवार के तीन लोग शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, कार की स्पीड काफी ज्यादा थी। अचानक उसका टायर फट गया और अनियंत्रित कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। पेड़ से



टकराते ही कार में आग लग गई। कार में सवार चार लोग जिंदा जल गए। सब कुछ इतनी जल्दी हुआ कि कार में बैठे लोगों को बाहर निकलने का मौका भी नहीं मिला। हादसा इतना भयानक था कि गाड़ी में बैठे लोगों को निकलने का मौका भी नहीं मिला। मृतकों की उम्र 25 से 30 साल के बीच थी। मृतकों के नाम भी सामने आए हैं। सभी ग्राम बरकला चारखेड़ा जिला हरदा के निवासी थे। अखिलेश पिता महेश कुशवाहा, राकेश पिता महेश कुशवाहा, शिवानी पति राकेश कुशवाहा और आदर्श पिता गोलू चौधरी।

## पुंछ में आतंकियों की बड़ी साजिश नाकाम तीन गिरफ्तार

» बड़ी मात्रा में गोला बारूद बरामद

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में बुधवार को सेना ने जवानों ने 10 किलो आईडी और एक एके-56 जैसे घातक हथियारों के साथ तीन आतंकियों को जिंदा पकड़ा है। तीनों आतंकी एलओसी पर करमाड़ा सेक्टर में भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। सेना की कार्रवाई में तीनों आतंकी घायल भी हुए हैं। सेना ने इनके कब्जे से हेरोइन जैसा संदिग्ध नशीला पदार्थ भी बरामद किया है।

सेना के जवानों को जैसे ही बॉर्डर पर सदिग्ध मूवमेंट की भनक लगी जवाबी कार्रवाई करते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलीबारी की घटना में तीन आतंकी घायल हो गए। सेना की ओर से पूरे इलाके में अभी भी सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, सेना का आशंका है कि कुछ और आतंकी बॉर्डर पार कर घुसपैठ की कोशिश कर सकते हैं। तीनों आतंकियों के पास से एके-56 राइफल के अलावा एक मैगजिन, 10 गोलिया, 2 पिस्टल, चार मैगजिन, 70 गोलियां, छह ग्रेनेड, 20 पैकेट हेरोइन जैसा नशीला पदार्थ और प्रेसर कुकर में संदिग्ध आईईडी जैसे विस्फोटक बरामद हुए हैं।

## गंगा में मेडल बहाने से मुझे नहीं मिलेगी फांसी : बृजभूषण

» गिरफ्तारी के लिए जांच अभी जारी : पुलिस

» 15 दिनों में कोर्ट में दाखिल होगी रिपोर्ट

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

बाराबंकी। भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों का प्रदर्शन जारी है। मामला इतना बढ़ गया है कि अब बात मेडल को गंगा में बहाने तक पहुंच गई है। भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा है कि अगर मेरे खिलाफ एक भी आरोप साबित होता है, तो मैं खुद को फांसी लगा लूंगा।

पुलिस के टॉप सोर्स ने कहा कि अब



तक हमें बृजभूषण सिंह को गिरफ्तार करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं मिले हैं। 15 दिनों के भीतर हम कोर्ट में अपनी रिपोर्ट दाखिल करेंगे। यह चार्जशीट या अंतिम रिपोर्ट हो सकती है।

## पंजाब कैबिनेट में शामिल हुए दो नए मंत्री

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

चंडीगढ़। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने आज एक बार फिर अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया है। बुधवार को पंजाब सरकार ने अपना चौथा मंत्रिमंडल विस्तार किया। दो नए चेहरों को कैबिनेट में शामिल किया गया है। इनमें एक चेहरा है 59 वर्षीय गुरमीत सिंह खुड्डियां का। खुड्डियां ने वह कर दिखाया, जिसके बारे में किसी ने सपने में सोचा नहीं था।



विधायक बलकार सिंह और गुरमीत सिंह ने ली शपथ

गुरमीत सिंह ने 2022 विधानसभा चुनाव आम आदमी पार्टी की टिकट पर लंबी विधानसभा से लड़ा था। इसी सीट पर उन्होंने पंजाब के धाकड़ नेता और अकाली दल के सरपरस्त प्रकाश सिंह बादल को शिकस्त दी थी। लंबी को प्रकाश सिंह बादल का गढ़ माना जाता है। यह प्रकाश सिंह बादल के जीवन का आखिरी चुनाव था। गुरमीत पूर्व सांसद स्वर्गीय जगदेव सिंह खुड्डियां के बेटे हैं। खुड्डियां पिछले लंबे समय से राजनीति के साथ जुड़े हैं। पहले शिअद (मान) के साथ थे और फिर कांग्रेस के साथ जुड़ गए थे। उन्होंने लंबे समय तक कांग्रेस में काम किया और श्री मुक्तसर साहिब के जिला प्रधान भी रहे। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में वह लंबी से चुनाव मैदान में उतरे कैप्टन अमरिंदर सिंह के कवरिंग कैंडिडेट भी रहे लेकिन कैप्टन अमरिंदर सिंह की ओर से मुख्यमंत्री बनने के बावजूद लंबी हलके को नजरंदाज करने के चलते कांग्रेस को छोड़कर आप में शामिल हो गए थे।

## सिसोदिया के आरोप पत्र पर अदालत का समन

» ईडी का दावा, पूर्व डिप्टी सीएम ने ली रिश्वत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया व अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लिया। अदालत ने कहा पेश साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा चलाने के पर्याप्त साक्ष्य है। अदालत ने उन्हें समन जारी कर एक जून को पेश करने का निर्देश दिया है।

राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने पूरक आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद सम्मन जारी किया। ईडी ने यह पूरक आरोपत्र 4 मई को दाखिल किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि अपराध

### 1 जून को होगी सुनवाई

की कार्यवाही से आरोपी मनीष सिसोदिया की गतिविधियों से 622 करोड़ की कमाई हुई है। पूरक आरोप पत्र विशेष लोक अभियोजक नवीन कुमार मट्टा ने दायर किया था। पूरक प्रभार में 2100 से अधिक पृष्ठ हैं। परिचालन भाग में 271 पृष्ठ हैं। ईडी ने सिसोदिया को इस मामले में नौ मार्च को गिरफ्तार



किया था। वह इस मामले में गिरफ्तार किए गए 29वें आरोपी हैं। सीबीआई इस मामले में चार्जशीट पहले ही दाखिल कर चुकी है। सीबीआई मामले में उनकी जमानत हाईकोर्ट ने मंगलवार को खारिज कर दी थी। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी जमानत हाई कोर्ट में लंबित है। शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चार्जशीट में दावा किया है कि मनीष सिसोदिया को उनके करीबी दिनेश अरोड़ा के जरिए 2.2 करोड़ रुपए की रिश्वत मिली। ईडी का कहना है कि कारोबारी अमित अरोड़ा का फायदा पहुंचाने के लिए सिसोदिया ने पैसे लिए। बता दें कि यह पहली बार है जब ईडी ने सिसोदिया को रिश्वत लेने की बात कही है।

### भाजपा ने केजरीवाल से मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आबकारी घोटाले के आरोपित मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज करते हुए हाईकोर्ट की टिप्पणी गंभीर है कि वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इन्हें ईमानदारी का प्रमाण पत्र देते रहे हैं। हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद से वह चुप हैं। इस घोटाले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल व आम आदमी पार्टी के अन्य नेता आबकारी घोटाला को लेकर झूठ बोलते रहे हैं। आबकारी नीति में कोई घोटाला नहीं होने का दावा करने वालों को बताना चाहिए कि यह नीति वापस क्यों ली गई और अबतक सिसोदिया जेल में क्यों हैं? सीबीआइ की चार्जशीट में हवाला से पैसे भेजने का साक्ष्य भी बताया गया है। भेजे गए नोट की भी जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से जनता व मीडिया का ध्यान हटाने के लिए मुख्यमंत्री राजनीतिक भ्रमण कर रहे हैं। उन लोगों का दरवाजे खटखटा रहे हैं जिसे वह भ्रष्टाचारी कहते थे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक बबिता चतुर्वेदी के लिए 4पीएम आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (यूपी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। प्रधान संपादक- अर्चना दयाल, संपादक - संजय शर्मा, विधि सलाहकार: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, वित्तीय सलाहकार: संदीप बंसल, कार्टूनिस्ट: हसन जैदी, दूरभाष: 0522- 4078371 | Email: daily4pm@gmail.com | website: www.4pm.co.in | RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।